

# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 01.08.2021 से 07.08.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हर हित रिटेल योजना की शुरूआत

(दिनांक 02.08.2021)





**विषय: हर हित रिटेल योजना की शुरूआत।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला से युवाओं के रोजगार से जुड़ी अपनी महत्वाकांक्षी योजना 'हर हित' का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत :–

- सरकार युवाओं को रिटेल स्टोर खोलने में सहायता करेगी।
- ऐसे लगभग 2000 स्टोर पूरे हरियाणा में खोलने की योजना है, जिन्हें बाद में बढ़ाकर 5000 तक किया जाएगा।
- इन स्टोर में ब्रांडेड कम्पनी के लगभग 500 प्रोडक्ट कम दाम पर उपलब्ध कराए जाएंगे।
- हरियाणा का कोई भी व्यक्ति जो 21 से 35 साल आयु का है 'हर हित' पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकता है।
- महिलाओं को इस योजना के तहत प्राथमिकता दी जाएगी।
- इस याजेना से न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें बल्कि वे रोजगार देने वाले भी बनेगें।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने '2024 तक हरियाणा को बेरोजगार मुक्त और रोजगार युक्त' बनाने के अपने संकल्प को भी दोहराया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 'सोशल ऑडिट सिस्टम' की समीक्षा

(दिनांक 02.08.2021)

**विषय: 'सोशल ऑडिट सिस्टम' की समीक्षा।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने विकास कार्यो की देखरेख के लिए बनने वाले सोशल ऑडिट सिस्टम की समीक्षा की। जिसके तहत निर्णय लिया गया कि :–

- सोशल ऑडिट सिस्टम के लिए जल्द ही नियम बनाऐं जाएगें।
- सोशल ऑडिट सिस्टम के तहत गांव, ब्लॉक और जिला स्तर पर टीमें बनाई जाएंगी।
- समाज के प्रतिष्ठित और गणमान्य नागरिक जो सामाजिक कार्यों में लगे हैं वो इन टीमों के सदस्य होगें।
- टीमों में सदस्यों की संख्या अलग–2 स्तर पर अलग होगी।
- यह टीमें चल रहे विभिन्न विकास के कार्यों की निगरानी और अवलोकन करेगी और अपने सुझाव और शिकायत सरकार को देगी।

## 'रन थ्रू' फाइल सिस्टम

(दिनांक 02.08.2021)





**विषय: 'रन थ्रू' फाइल सिस्टम।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने 'रन थ्रू' फाइल सिस्टम की समीक्षा की जिसके तहत :–

- विभिन्न गंभीर और आवश्यक मुद्दों से जुड़ी फाइल को 'रन थ्रू' RT के नाम से चलाया जाएगा।
- यह फाइलें पूरी तरह से ऑनलाइन होंगी ताकि इनमें कोई देरी न हो।
- कोई भी अधिकारी किसी भी 'रन थ्रू' फाइल को 24 घंटे से ज्यादा अपने पास नहीं रख पाएगा।
- किसी भी अधिकारी के पास 'रन थ्रू' फाइल जाने पर उनके मोबाइल पर अर्लट के रूप में मेसिज भी आएगा।
- 'रन थ्रू' फाइल मुख्यमंत्री कार्यालय के माध्यम से ही भेजी जा सकेगी।

इस सिस्टम के बनने के बाद कागजी फाइल बनाने में लगने वाले समय और विभिन्न गंभीर मुद्दों और कार्यों से जुड़ी फाइल में होने वाली अनावश्यक देरी खत्म हो जाएगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## HPPC (हाई पॉवर परचेज कमेटी) की बैठक।

(दिनांक 03.08.2021)

**विषय:** HPPC (हाई पॉवर परचेज कमेटी) की बैठक।

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में हरियाणा भवन चण्डीगढ़ में HPPC की बैठक हुई जिसमें निम्न महत्वपूर्ण निर्णय और समझौते हैं :–

- मलेरिया के बढ़ने की संभावना को देखते हुए ग्रामीण और शहरी इलाकों के लिए 5000 फॉगिंग मशीन की खरीद की गई।
- 'हर हित' रिटेल स्टोर में सामान की आपूर्ति के लिए RK Food Land Company प्रोडक्ट सप्लाई पर सहमती बनी।



## MLA से मुलाकात

(दिनांक 03.08.2021)

**विषय:** MLA से मुलाकात।

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत आज चण्डीगढ. स्थित अपने निवास पर विभिन्न हल्कों के विधायकों से मुलाकात की और क्षेत्र की समस्याओं को सुनकर उनका निदान किया।

## HRMS की समीक्षा


(दिनांक 03.08.2021)



**विषय:** HRMS की समीक्षा।

**निर्णय:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज कर्मचारियों के ट्रांसफर व पोस्टिंग से जुड़े पोर्टल HRMS की समीक्षा की जिसके तहत निर्णय लिया गया कि :–

- सभी अधिकारियों के ट्रांसफर, पोस्टिंग HRMS के माध्यम से ही की जाएगी।
- ट्रांसफर होने पर नई पोस्टिंग को 14 दिनों के अंदर–2 HRMS पोर्टल पर अपडेट करना होगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

- शिक्षा विभाग से होने वाले ट्रांसफर, पोस्टिंग आर्डर भी अब HRMS के माध्यम से ही किए जाएंगे।
- जिस किसी विभाग का कोई भी ट्रांसफर या पोस्टिंग HRMS के बिना होगी या की जाएगी उस विभाग का सुपरिटेंडेंट और विभाग प्रमुख इसके लिए जिम्मेवार होगें।

## सभी उपायुक्तों के साथ विडियों कॉफ्रेंस

(दिनांक 04.08.2021)

**विषय: सभी उपायुक्तों के साथ विडियों कॉफ्रेंस।**



**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी उपायुक्तों के साथ साप्ताहिक होने वाले विडियो कांफ्रेंस के तहत आज चण्डीगढ. से सभी उपायुक्तों के साथ संवाद किया। इसके तहत 'अन्नपूर्णा उत्सव' और परिवार पहचान पत्र के तहत हो रहे सर्वे की समीक्षा की गई और उन्हें निर्देश दिए गए :–

- सभी उपायुक्त 'एक देश की राशन कार्ड' योजना के तहत 17–18 अगस्त को मनाए जाने वाले अन्नपूर्णा उत्सव की तैयारी सुनिष्चित करें।
- यह उत्वस हरियाणा के हर एक डिपो होल्डर और सरकारी राशन की दुकान पर मनाया जाएगा।
- अन्नपूर्णा उत्सव के तहत डिपो से राशन लेने वाले हर एक लाभार्थी को 5 किलोग्राम अतिरिक्त राशन दिया जाएगा।

इसके अलावा माननीय मुख्यमंत्री जी ने अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के लिए चल रहे सर्वे को जल्द से जल्द पूरा करने के भी निर्देश दिए।


## जनता दरबार

(दिनांक 04.08.2021)



**विषय: जनता दरबार।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चण्डीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना और अधिकारियों को सामने बैठाकर उनका समाधान भी करवाया। इस अवसर पर स्वर्णकार एसोसीऐशन के आग्रह पर उनके काम और परिस्थिति को देखते हुए उन्हें सुरक्षा मुहैया कराने का भी आदेश दिया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मोबाइल ऐप का शुभारंभ

(दिनांक 04.08.2021)




**विषय: मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मोबाइल ऐप का शुभारंभ।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज अंत्योदय परिवार उत्थान योजना ऐप को लांच किया।

अब इस ऐप के माध्यम से न केवल सर्वे के कार्यों में तेजी आएगी बल्कि गरीब व्यक्ति अपनी इच्छा अनुसार वह किस रोजगार में जाना चाहता है अथवा सरकार से क्या मदद् चाहता है सीधे बता पाएगा।

## कैबिनेट मीटिंग


(दिनांक 05.08.2021)



**विषय: कैबिनेट मीटिंग।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में हरियाणा सिविल सचिवालय, हरियाणा चण्डीगढ. में कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए :–

- हरियाणा में ठेकेदारी प्रथा को बंद करके हरियाणा सरकार आउटसोर्सिगं के लिए स्वयं का निगम बनाएगी। जिसका नाम 'हरियाणा कौशल रोजगार निगम होगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

- आउटसोर्सिंग की सभी नौकरियां इसी निगम के माध्यम से दी जाएगी।
- हरियाणा सरकार 'भूमि बैंक' बनाएगी जिससे किसान सीधे सरकार को अपनी जमीन अपनी इच्छा से दे सकेंगे।
- किसानों को आपस में अपनी जमीन अदला बदली करने पर अब स्टांप डयूटी नहीं देनी होगी। एकमुश्त 5000 रूप्ये लगेंगे।
- विधार्थी–श्रमिकों को कम किराए पर मकान उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके लिए किफायती आवासीय किराया नीति को मंजूरी दी गई।
- मानव ससांधन विकास विभाग का गठन किया जाएगा जो कर्मचारियों के तबादले, भर्ती, सर्विस रूल आदी की व्यवस्था देखेगा।
- 82 हजार नए बी.पी.एल कार्ड बनाए जाएंगे।

## परिवार पहचान पत्र के कार्ड देने की रूपरेखा


(दिनांक 05.08.2021)




**विषय: परिवार पहचान पत्र के कार्ड देने की रूपरेखा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने आई.आई.टी भिलाई के प्रोफेसरों के साथ परिवार पहचान पत्र के लिए हर एक परिवार को एक कार्ड देने की योजना पर चर्चा की :–

- यह कार्ड, ATM तथा लाइसेंस आदि कार्डों की तरह होगा।
- कोई भी व्यक्ति कार्ड के माध्यम से कहीं से भी किसी भी सर्विस का लाभ ले सकेगा। उसे बस अपना कार्ड दिखाना होगा अन्य किसी दस्तावजे की आवश्यकता नहीं होगी।
- आने वाले 9 महीनों के अंदर इस योजना को अमल में लाने का टारगेट रखा गया है।
- आई.आई.टी भिलाई और हरियाणा सरकार इसके लिए साथ मिलकर काम करेंगें।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## कोविड पाबंदियों की समीक्षा

(दिनांक 05.08.2021)



**विषय: कोविड पाबंदियों की समीक्षा।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा कोरोना के तहत लगी पाबंदियों की समीक्षा की गई। इससे उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला जी और स्वास्थ्य एवं गृह मंत्री श्री अनिल विज जी भी उपस्थित रहे। जिसमें निम्न निर्णय लिए गएः–

- राज्य के कर्फ्यू को हटा दिया जाएगा।
- सिंगल शिफ्ट में काम करने वाले कर्मचारियों ही दुकानें अधिकतम 12 घंटे तक खुली रह सकती हैं।
- कुछ विशेष चीजों को छोड़कर बाकि समस्त चीजों की दुकानें, मॉल्स आदि को खोलने संबंधी नियमों में छुट देकर समय सीमा को हटाने पर विचार किया जाएगा।

## ओलंपिक पदक विजेताओं को बधाई

(दिनांक 07.08.2021)



**विषय: ओलंपिक पदक विजेताओं को बधाई।**

**प्रभाव:** अमाननीय मुख्यमंत्री जी ने आज ओलंपिक के कांस्य और स्वर्ण पद जितने पर बजरंग पूनिया और नीरज चोपड़ा को पूरे हरियाणा प्रदेश की ओर से बधाई दी साथ ही इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा खेल नीति के अनुरूप दोनों खिलाड़ियों को कांस्य जितने पर 2.5 करोड़ और गोल्ड जितने पर 6 करोड़ नगद इनाम के साथ–2 सरकारी नौकरी देने की भी घोषणा की साथ ही दोनों खिलाड़ियों को हरियाणा ही नही बल्कि पूरे देश का गौरव बताया।